## प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा को परम् धर्म और कर्तव्य बताया-कहा-सेवाभावना ही देशकी प्रगति की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बन सकती है।
- राज्य में होने वाले पंचायत चुनावों की आरक्षण लॉटरी प्रक्रिया पूरी-आज वार्ड पंचों और सरपंचों की लॉटरी निकाली गई।
- आरजीएचएस में प्री आथोराइज़ेशन व्यवस्था लागू करने से क्लेम में 47 प्रतिशत की कमी आई।
- प्रदेश में मॉनसून की विदाई का दौर शुरू होने के साथ ही गर्मी के तेवर तीखे-कई स्थानों पर दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जीवन का मुख्य उद्देश्य सेवा है और हर व्यक्ति में सेवा भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी, सर्वोच्च पद पर पहुंचने के बाद सेवा ही मार्गदर्शक सिद्धांत रहना चाहिए। प्रधानमंत्री आज वडनगर से वाराणसी तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा परम धर्म है, सेवा सबसे बड़ा कर्तव्य है और यही भावना देश की प्रगति की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बन सकती है।

000

श्री मोदी ने कहा कि जब सेवा की भावना देश की नीतियों में शामिल होती है, तो जनहितकारी योजनाएं सामने आती हैं और इन्हीं कल्याणकारी योजनाओं से 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकलने में मदद मिली है। सेवा यात्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाए गए। प्रधानमंत्री ने यात्रा के प्रतिभागियों से विविधता में एकता के अनुभव को देश के हर कोने तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी बीकानेर से वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम की भावना से काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि अनुशासन, करूणा और सामाजिक जिम्मेदारी जनमानस को जोड़ती है। प्रदेश में युवा, महिला, किसान और मजदूर सभी का सशक्तिकरण किया जा रहा है।

000

प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनावों को लेकर आज वार्ड पंच और सरपंच की लॉटरी निकाली गई। उपखंड मुख्यालयों पर लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के साथ ही संभावित प्रत्याशी सक्रिय हो गये हैं और दावेदारी को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। वहीं आरक्षण लॉटरी के अनुसार अब कई नये चेहरे भी चुनावी मैदान में नजर आ सकते हैं।

इस बीच, जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगमों में महापौर पद के चुनाव के लिए कल मतदान होगा। सुकेत नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए भी कल वोट डाले जाएंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वोट डाले जाएंगे। रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज जयपुर में मीडिया से बातचीत में उम्मीद जताई कि पंचायत चुनावों में भी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी आज जयपुर में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में पार्टी मजबूती से उतरने जा रही है।

000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन कल जयपुर दौरे पर रहेंगे। वे सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री नबीन दादिया गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित निकाय जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे दादिया से ही पंचायत चुनाव अभियान के प्रचार रथों को रवाना करेंगे। उनका बिड़ला सभागार में युवाओं से संवाद का भी कार्यक्रम है।

000

प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर कल से आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया जाएगा। महिला और बाल विकास विभाग की शासन सचिव श्रीमती पूनम ने बताया कि विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत ये तीन दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनसेवा, सामाजिक सरोकार और पोषण स्वास्थ्य योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ये आयोजन होगा। श्रीमती पूनम ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संस्था प्रधानों से जनभागीदारी की अपील की है। इस बीच विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत आज विभिन्न स्थानों पर रंगोलियां सजाई गईं। सेवा के रंग-राष्ट्र के संग इस गतिविधि का आयोजन किया गया।

000

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना और आरजीएचएस में पारदर्शिता बढ़ाने और गैरजरूरी जांचों पर रोक लगाने के लिए लागू की गई प्री आथोराइजेशन व्यवस्था से दावों में 47 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। 15 जुलाई से लागू इस सिस्टम के तहत 2 हजार से ज्यादा जांचों के लिए प्री आथोराइजेशन अनिवार्य किया गया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि प्रिसक्रिप्शन, जांच और दावों से जुड़ी गतिविधियों की लगातार डिजिटल मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि गड़बड़ियां सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोटा के 2 अस्पतालों का टीएमएस ब्लॉक किया गया है। इसके अलावा 3 डॉक्टरों की आईडी ब्लॉक की गई है।

000

राजसमंद जिले के रेलमगरा इलाके में आज एक सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 11 व्यक्ति घायल हो गये। इन्हें जिला आर.के. अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलमगरा थानाधिकारी प्रवीण सिंह जुगतावत ने बताया कि दुर्घटना ट्रैक्टर के पलटने से हुई। ट्रैक्टर सवार ये लोग तुर्कीया खेड़ा गांव के रहने वाले थे और सांसेरा के माताजी तालाब से गणेश विसर्जन कर लौट रहे थे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने ग्रेटर नोएडा बस अग्निकांड पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने ईश्वर से हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को शक्ति प्रदान करने की कामना की है। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की है। गौरतलब है कि कल रात दिल्ली से महोबा जा रही एक निजी स्लीपर बस में यमुना एक्सप्रेस वे पर आग लगने से 9 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से झुलस गये थे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है।

उधर, जोधपुर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र में कल एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद कई दमकलें मौके पर पहुंचीं। इस दौरान फैक्ट्री में रखे केमिकल के ड्रमों में विस्फोट होने से 13 दमकलकर्मी झुलस गये। इनमें से 6 की हालत गंभीर बनी हुई है। इन्हें जयपुर रैफर किया गया है।

000

मोटे अनाज यानि श्रीअन्न पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। ये मधुमेह और हृदय रोगों सहित कई बीमारियों में फायदेमंद साबित हो रहे हैं। जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ आचार्य डॉ. पुनीत सक्सेना ने आकाशवाणी को बताया कि श्रीअन्न में फाइबर, प्रोटीन, मिनरल्स और एंटी आॅक्सीडेंट्स पाये जाते हैं। ये ग्लूटन फ्री हैं और गेहूं और चावल की तुलना में अधिक पौष्टिक हैं।

000

प्रदेश में मॉनसून की विदाई का दौर शुरू होने के साथ ही गर्मी के तेवर फिर तीखे हो गये हैं। कई स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के कई शहरों में दिन का पारा सामान्य से करीब 5 डिग्री ऊपर रिकार्ड किया जा रहा है। जैसलमेर में तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, चूरू, नागौर और पिलानी में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तर-पश्चिम हिस्सों से मॉनसून की वापसी शुरू हो चुकी है। हालांकि प्रदेश से मॉनसून की पूरी तरह विदाई नहीं हुई है। विभाग ने अगले तीन-चार दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। इसके बाद 27 से 29 सितम्बर के बीच भरतपुर और जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं हल्की से मध्मम बारिश हो सकती है।

000

प्रदेश में जीएसटी विभाग की ओर से कर चोरी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत 5 प्रतिष्ठानों पर सर्वे और जांच की कार्रवाई की गई। इसमें 22 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित कर देयता सामने आई है। पिछले सप्ताह ये कार्रवाई भिवाड़ी, सरदार शहर, जोधपुर, बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में की गई।

000

नीट पीजी-2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने आधिकारिक वेबसाइट पर ये नतीजे जारी किये। वर्ष 2026-27 के प्रवेश सत्र के विभिन्न एमडी एमएस डीएनबी, डॉक्टर एनबी और पीजी मेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 30 अगस्त को देशभर में ये परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में कुल 2 लाख 65 हजार 960 उम्मीदवार शामिल हुए थे।

000